कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी
लोक निर्माण विभाग, (भ./स.) कोरबा उपसंभाग कोरबा

ज्ञाप क. 216 / शिल्प / 2024 कोरबा, दिनांक 29 / 02 / 2024

प्रति,

प्राचार्य,
सेंट जेवियर्स पब्लिक स्कूल
कोरबा

विषय :– विद्यालय भवन सुरक्षा एवं स्ट्रक्चरल स्टेब्लिटी प्रमाण पत्र प्रदान करने बाबत्।

संदर्भ :– आपका पत्र क. SXPS / 2023–24 / 3448 दिनांक 23.02.2024

विषयान्तर्गत लेख है कि संदर्भित पत्र के माध्यम से आपके द्वारा विद्यालय भवन सुरक्षा एवं स्ट्रक्चरल स्टेब्लिटी प्रमाण पत्र चाही गयी हैं। तदानुसार दिनांक 29.02.2024 को उपअभियंता श्रीमती अलका उपाध्याय द्वारा शाला भवन का निरीक्षण किया गया।

अतः भवन का सुरक्षा प्रमाण पत्र आपकी ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रस्तुत हैं।

29/02/2024

सहपत्र :– भवन सुरक्षा प्रमाण पत्र 1 पेज।

(रामनरेश दुबे)
अनुविभागीय अधिकारी
लो0नि0वि0उपसंभाग कोरबा

पृ.क. 217 / शिल्प / 2024 कोरबा, दिनांक 29 / 02 / 2024

प्रतिलिपि –

1. कार्यपालन अभियंता, लो.नि.वि.कोरबा संभाग कोरबा की ओर सूचनार्थ सादर सम्प्रेषित।
2. श्रीमती अलका उपाध्याय उपअभियंता उपखण्ड रामपुर लो.नि.वि.उपसंभाग कोरबा की ओर सूचनार्थ।

सहपत्र :– शून्य।

(रामनरेश दुबे)
अनुविभागीय अधिकारी
लो0नि0वि0उपसंभाग कोरबा

भवन सुरक्षा प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि सेंट जेवियर्स पब्लिक स्कूल कोरबा जिला–कोरबा (छ.ग.) में स्थित है जिसका निरीक्षण दिनांक 29.02.2024 को उपअभियंता श्रीमती अलका उपाध्याय के द्वारा किया गया। निरीक्षण के समय शाला के मैनेजर श्री डी.के.आनंद भी उपस्थित रहे। भवन में भू–तल, प्रथम तल एवं द्वितीय तल निर्मित है।

शाला में कुल छात्र–छात्राओं की दर्ज संख्या 1576 हैं । भवन का कुल भू–क्षेत्र 12926.02 वर्ग मी. हैं जिसके भू–तल में Construction Area 2393.39 वर्ग मी., प्रथम तल में Construction Area 2063.85 वर्ग मी. एवं द्वितीय तल में Construction Area 1622.14 वर्ग मी. हैं तथा अध्ययन कक्षों की संख्या 59 नग (भू–तल 23 नग, प्रथम तल 23 नग एवं द्वितीय तल 13 नग) हैं। भवन में सुरक्षात्मक उपायो के तहत अग्निशमन संयंत्रो की स्थापना हैं। सीढ़ियो की उचित व्यवस्था है। मैनेजर द्वारा बताया गया कि नसर्री से कक्षा 12वी. तक कक्षाऐ भवन में संचालित होती है शाला में प्रयोगशाला एवं ग्रंथालय की उचित व्यवस्था हैं एवं प्रसाधन कक्ष मानक एवं मापदण्डों के अनुरुप है।

अतः शाला भवन पूर्ण रुप से सुदृढ़ है एवं संचालन हेतु सुरक्षित है।

(अलका उपाध्याय)
उपअभियंता
लो.नि.वि.उपसंभाग कोरबा

29/02/2024
(रामनरेश दुबे)
अनुविभागीय अधिकारी
लो.नि.वि.उपसंभाग कोरबा